PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Tue, 20 Jun 2017, Page 12
Width: 33.58 cms, Height: 11.97 cms, a3r, Ref: 36.2017-06-20.33

जीएसटी की तैयारियों से दलाल स्ट्रीट में आया दम

मुंबई, प्रेट्र : जीएसटी को समय से लागू करने की तैयारियों और बाजार नियामक सेबी की ओर से सुधारों की उम्मीद में निवेशकों ने शेयरों में लिवाली की। इससे सोमवार को बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स 255.17 अंक चढ़कर 31311.57 अंक पर पहुंच गया। बीते दो सत्रों में यह संवेदी सूचकांक 99.51 अंक फिसला था। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 69.50 अंक मजबूत होकर 9657.55 अंक पर बंद हुआ।

जीएसटी रिटर्न भरने की तारीख में दी गई ढील ने निवेशकों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। रिजर्व बैंक ने बैंकों को बड़े डिफॉल्टरों के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। इससे फंसे कर्जों के निपटान में तेजी आने की उम्मीद बढ़ाई है।

255 अंक चढ़ा सेंसेक्स, निफ्टी 70 अंक मजबूत

यूरोपीय बाजारों की मजबूत शुरुआत ने भी घरेलू बाजार की कारोबारी धारणा को बल दिया।

तीस शेयरों वाला सेंसेक्स इस दिन 31168.98 अंक पर मजबूत खुला। इसका निचला स्तर 31163.35 अंक रहा। अंतिम कारोबारी घंटों में निवेशकों की लिवाली के झोंके में इसने 31362.15 अंक का ऊंचा स्तर छू लिया।

बीएसई के सूचकांकों में मेटल, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, तेल एवं गैस, पावर, पीएसयू और ऑटो ज्यादा चढ़े। सेंसेक्स की तीस कंपनियों में 20 के शेयर बढ़े, जबकि दस में गिरावट दर्ज की गई।

सोना तीन हफ्ते के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, प्रेट्र : विदेशी बाजार में कमजोर रुझानों के बीच आभूषण निर्माताओं और निवेशकों ने सोने में लिवाली से हाथ खींच लिए। इससे सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में यह पीली धातु 70 रुपये फिसलकर करीब तीन हफ्तों के निचले स्तर 29 हजार 100 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई। इसी तरह औद्योगिक यूनिटों और सिक्का निर्माताओं की खरीदारी के अभाव में चांदी भी 100 रुपये टूटकर

38 हजार 700 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय सराफा बाजार में सोना लुढ़ककर 1249.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। चांदी भी नुकसान के साथ 16.60 डॉलर प्रति औंस हो गई। इसका घरेलू बाजार की कारोबारी धारणा पर भी पड़ा। यहां सोना आभूषण के भाव 70 रुपये फिसलकर 28 हजार 950 रुपये प्रति दस ग्राम हो गए। आठ ग्राम वाली गिन्नी पूर्वस्तर 24 हजार 400 रुपये पर यथावत रही। साप्ताहिक डिलीवरी वाली चांदी 120 रुपये नरम होकर 38 हजार 360 रुपये प्रति किलो बोली गई। चांदी सिक्का एक हजार लुढ़ककर 71000-72000 रुपये प्रति सैकड़ा पर बंद हुआ।

अर्थसार

सोना प्रति दस ग्राम	₹29100	▼ ₹70
चांदी प्रति किलोग्राम	₹38700	▼ ₹100
सेंसेक्स	31311.57	▲ 255.17
निफ्टी	9657.55	▲ 69.50
डॉलर	₹64.44	▲ ₹0.01
यूरो	₹72.21	▲ ₹0.20